# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26-9-25 | 05 | 3-4 |

## एचएयू में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह किया

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह किया। इसमें मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। एनएसएस का आदर्श वाक्य (मैं नहीं आप) यह भावना युवाओं को परोपकार, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



### 10 विद्यार्थी किए सम्मानित

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के 10 विद्यार्थियों को अवार्ड दिया गया। इनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि कॉलेज बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान कॉलेज से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान कॉलेज से मोनिका व अव्वल शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने पारित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26-9-25 | 04 | 1-2 |

## हकृवि में एन.एस.एस. दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



*स्वयंसेवक को स्मृति चिन्ह प्रदान करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज*

हिसार, 25 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि की यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे कार्यों में सक्रिय रहते है।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित की जा रही गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया, जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं। मंच का संचालन छात्रा योगिता और इशिका ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 26-9-25 | 13 | 2-4 |

# एनएसएस दिवस पर महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किए

■ एचएयू में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति ने कहा कि यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं।

इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 25.9.2025 | -- | -- |

# एनएसएस युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने का प्रतीक : प्रो. बी.आर. काम्बोज




एचएयू में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 25 सितम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि की यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। एनएसएस का आदर्श वाक्य (मैं नहीं आप) यह भावना युवाओं को परोपकार, सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। यह केवल एक छात्र संगठन नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है, जहां युवा अपने अंदर छिपे नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भाव को विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे कार्यों में सक्रिय रहते है।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित की जा रही गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा भी उपस्थित रहे।

**एनएसएस दिवस पर 10 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने पारित किया। मंच का संचालन छात्रा योगिता और इशिका ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 25.9.2025 | -- | -- |

# एनएसएस युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक : प्रो. बीआर काम्बोज

## एचएयू में सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



समारोह में मौजूद कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति कहा कि यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे कार्यों में सक्रिय रहते है। शिविरों और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों को जानने और समझने का अवसर मिलता है। कुलपति ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 25.9.2025 | -- | -- |

# एनएसएस युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाने का प्रतीक : प्रो. काम्बोज

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 25 सितंबर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि की यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने पारित किया। मंच का संचालन छात्रा योगिता और इशिका ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।